1. वेबर के मॉडल में औद्योगिक अवस्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. श्रम संबंधी लाभों के कारण उद्योग न्यूनतम परिवहन लागत वाले स्थान से विचलित हो सकते हैं।

II. आइसोडापेन, ऐसे विचलन के कारण उत्पन्न अतिरिक्त परिवहन लागत को मापने में मदद करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल I
(B) केवल II
(C) I और II दोनों
(D) न तो I, न ही II

Consider the following statements regarding industrial location in Weber's model :

I. Industries may deviate from the least transport cost location due to labour advantages.

II. Isodapanes help measure the extra transport cost caused by such deviation.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) I only
(B) II only
(C) Both I and II
(D) Neither I nor II

2. निम्नलिखित में से कौन-सी विलियम बंगे की प्रसिद्ध कृति है ?

(A) द ज्योग्राफिकल ट्रडिशन *(भौगोलिक परंपरा)*
(B) द ह्यूमन मोज़ेक *(मानव मोज़ेक)*
(C) द नेचर ऑफ ज्योग्राफी *(भूगोल की प्रकृति)*
(D) थियोरेटिकल ज्योग्राफी *(सैद्धांतिक भूगोल)*

Which of the following is a famous work of William Bunge ?

(A) *The Geographical Tradition*
(B) *The Human Mosaic*
(C) *The Nature of Geography*
(D) *Theoretical Geography*

3. विश्व जनसंख्या दिवस पहली बार आधिकारिक तौर पर वैश्विक स्तर पर कब मनाया गया था ?

(A) 11 जुलाई, 1987
(B) 11 जुलाई, 1990
(C) 11 जुलाई, 1989
(D) 11 जुलाई, 1985

The World Population Day was officially observed globally for the first time on :

(A) July 11, 1987
(B) July 11, 1990
(C) July 11, 1989
(D) July 11, 1985

4. एकमैन सर्पिल में, उत्तरी गोलार्ध में सतही धारा वायु की दिशा से किस कोण पर विक्षेपित होती है ?

(A) वायु के समानांतर
(B) 90° दाएँ
(C) 180° दाएँ
(D) 45° दाएँ

In the Ekman Spiral, the surface current is deflected at what angle to the wind direction in the Northern Hemisphere ?

(A) Parallel to the wind
(B) 90° right
(C) 180° right
(D) 45° right

2051114922

5. ज्वालामुखियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. शील्ड ज्वालामुखी मुख्यतः एंडेसाइटिक लावा से बनते हैं।

II. स्ट्रैटो ज्वालामुखी मुख्यतः बेसाल्टिक लावा से बनते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) न तो I, न ही II

(B) केवल II

(C) I और II दोनों

(D) केवल I

Consider the following statements about volcanoes :

I. Shield volcanoes are formed predominantly by andesitic lava.

II. Stratovolcanoes are formed predominantly by basaltic lava.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) Neither I nor II

(B) II only

(C) Both I and II

(D) I only

6. "एशिया में बहुत से ऐसे स्थान हैं जहाँ लोग बहुत कम हैं और कुछ ही ऐसे स्थान हैं जहाँ लोग बहुत अधिक हैं।" यह कथन किसका है ?

(A) जॉर्ज बी. क्रेसी

(B) हंटिंगटन

(C) कार्ल मार्क्स

(D) माल्थस

"Asia has many places where people are few and few places where people are very many." Who gave this statement ?

(A) George B. Cressey

(B) Huntington

(C) Karl Marx

(D) Malthus

7. "विकास लोगों द्वारा उपभोग की जाने वाली वास्तविक स्वतंत्रताओं के विस्तार की एक प्रक्रिया है।" यह कथन किसका है ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) मैक्स वेबर

(C) बी.आर. अंबेडकर

(D) अमर्त्य सेन

"Development is a process of expanding the real freedoms that people enjoy." Who gave this statement ?

(A) Karl Marx

(B) Max Weber

(C) B.R. Ambedkar

(D) Amartya Sen

8. जाकोटा त्रिकोण निम्नलिखित में से किसके बीच आर्थिक अंतःक्रिया को संदर्भित करता है ?

(A) जापान – चीन – रूस

(B) चीन – ताइवान – फिलीपींस

(C) जापान – दक्षिण कोरिया – ताइवान

(D) चीन – दक्षिण कोरिया – ताइवान

The Jakota Triangle refers to economic interaction among which of the following ?

(A) Japan – China – Russia

(B) China – Taiwan – Philippines

(C) Japan – South Korea – Taiwan

(D) China – South Korea – Taiwan

9. निम्नलिखित नदी घाटियों में से किसे पारंपरिक रूप से चीनी सभ्यता के उदय का सबसे प्रारंभिक केंद्र माना जाता है ?

(A) मेकांग नदी की घाटी
(B) अमूर नदी की घाटी
(C) पीली नदी की घाटी
(D) यांग्त्ज़ी नदी की घाटी

Which of the following river valleys is traditionally considered the earliest center of the emergence of Chinese civilization ?

(A) Valley of the Mekong River
(B) Valley of the Amur River
(C) Valley of the Yellow River
(D) Valley of the Yangtze River

10. हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह अपने सबसे संकरे बिंदु पर लगभग 21 मील चौड़ा है ।
II. हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य ईरान और ओमान के बीच स्थित है ।
III. यह लाल सागर और अरब सागर के बीच स्थित है ।
IV. कुवैत हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य के तट पर स्थित है ।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन *ग़लत* हैं ?

(A) केवल I और II
(B) केवल I और III
(C) केवल I और IV
(D) केवल III और IV

Consider the following statements regarding the Strait of Hormuz :

I. It is about 21 miles wide at its narrowest point.
II. The Strait of Hormuz lies between Iran and Oman.
III. It is located between the Red Sea and the Arabian Sea.
IV. Kuwait lies on the shores of the Strait of Hormuz.

Which of the above statements are ***incorrect*** ?

(A) I and II only
(B) I and III only
(C) I and IV only
(D) III and IV only

11. ब्लैकफुट लोग निम्नलिखित में से किस आर्थिक गतिविधि में लगे हुए थे ?

(A) बड़े शाकाहारी जानवरों का शिकार
(B) बड़े पैमाने पर चलवासी पशुचारण
(C) वृक्षारोपण (प्लांटेशन) कृषि
(D) समुद्री मछली पकड़ना

The Blackfoot people were engaged in which of the following economic activities ?

(A) Hunting of large herbivorous animals
(B) Large-scale pastoral nomadism
(C) Plantation agriculture
(D) Marine fishing

12. नवाचारों के स्थानिक प्रसार को समझाने वाला भौगोलिक मॉडल का विकास किया गया था :

(A) रिचर्ड हार्टशॉर्न
(B) वाल्टर क्रिस्टालर
(C) कार्ल सॉयर
(D) टॉर्स्टन हेगरस्ट्रैंड

The geographical model explaining the spatial diffusion of innovations was developed by :

(A) Richard Hartshorne
(B) Walter Christaller
(C) Carl Sauer
(D) Torsten Hägerstrand

13. शिवालिक के दक्षिण में महत्वपूर्ण कटाव पैदा करने वाली मौसमी धाराएँ स्थानीय रूप से किस नाम से जानी जाती हैं ?

(A) दोआब्स
(B) चोस
(C) धायस
(D) बेट्स

The seasonal streams that cause significant erosion south of the Shiwaliks are locally known as :

(A) Doabs
(B) Chos
(C) Dhayas
(D) Bets

14. सार्गासो सागर निम्नलिखित में से किन धाराओं से घिरा हुआ है ?

I. गल्फ स्ट्रीम
II. कैनरी धारा
III. उत्तरी अटलांटिक धारा
IV. उत्तरी विषुवतीय धारा

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III
(B) केवल I और II
(C) केवल II, III और IV
(D) I, II, III और IV

The Sargasso Sea is bounded by which of the following currents ?

I. Gulf Stream
II. Canary Current
III. North Atlantic Current
IV. North Equatorial Current

**Options :**

(A) I, II and III only
(B) I and II only
(C) II, III and IV only
(D) I, II, III and IV

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. उथली पारिस्थितिकी पारिस्थितिकी-केंद्रवाद का समर्थन करती है।
II. गहरी पारिस्थितिकी सभी जीवन रूपों के अंतर्निहित मूल्य का समर्थन करती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल II
(B) I और II दोनों
(C) केवल I
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements :

I. Shallow ecology advocates ecocentrism.
II. Deep ecology advocates the intrinsic value of all life forms.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) II only
(B) Both I and II
(C) I only
(D) None of the above

16. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कपास की कटाई अवधि और वर्षा के बीच संबंध का सही वर्णन करता है ?

(A) कटाई के दौरान भारी मानसूनी वर्षा (100 सेमी से अधिक) आवश्यक है।

(B) मिट्टी में उच्च कैल्शियम कार्बोनेट बनाए रखने के लिए निरंतर वर्षा आवश्यक है।

(C) 55 – 100 सेमी वार्षिक वर्षा आदर्श है, लेकिन कटाई के दौरान वर्षा हानिकारक है।

(D) वर्षा केवल 180-दिवसीय पाला-मुक्त अवधि के दौरान आवश्यक है।

Which of the following statements correctly describes the relationship between rainfall and the harvesting period of cotton ?

(A) Heavy monsoon rainfall (over 100 cm) is essential during harvesting.

(B) Constant rainfall is required to maintain high calcium carbonate in the soil.

(C) Annual rainfall of 55 – 100 cm is ideal, but rainfall during harvesting is harmful.

(D) Rainfall is only necessary during the 180-day frost-free period.

17. कपास की खेती के लिए प्रसिद्ध अदाना मैदान किस देश में स्थित है ?

(A) बांग्लादेश (B) तुर्की

(C) भारत (D) रूस

The Adana Plain, known for growing cotton, is located in which country ?

(A) Bangladesh (B) Turkey

(C) India (D) Russia

18. समुद्री अवसादों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *ग़लत* है ?

(A) लिथोजीनस (शैलजन) अवसाद जैव-रासायनिक अवक्षेपण के माध्यम से सीधे समुद्र तल पर इन-सीटू बनते हैं।

(B) कोस्मोजेनिक अवसाद बाह्यग्रहीय (एक्स्ट्रा-टेरेस्ट्रियल) उत्पत्ति के होते हैं, जो अंतरिक्ष में उल्कापिंडों से प्राप्त होते हैं।

(C) हाइड्रोजीनस (जलजनित) अवसाद रासायनिक अभिक्रियाओं के कारण घुलित पदार्थों के अवक्षेपण से प्राप्त होते हैं।

(D) जैवजनित अवसाद आयतन के हिसाब से कम-से-कम 30 प्रतिशत समुद्री जीवों के अवशेषों से मिलकर बने होते हैं।

Regarding marine sediments, which of the following statements is ***incorrect*** ?

(A) Lithogenous sediments are formed through biochemical precipitation directly on the sea floor in situ.

(B) Cosmogenic sediments are of extraterrestrial origin, derived from meteorites in space.

(C) Hydrogenous sediments are derived from the precipitation of dissolved substances due to chemical reactions.

(D) Biogenic sediments consist of at least 30 percent remains of marine organisms by volume.

19. जनसांख्यिकीय संक्रमण मॉडल की किस अवस्था के दौरान वृद्ध जनसंख्या में तीव्र वृद्धि होती है ?

(A) अवस्था I – उच्च स्थिर (B) अवस्था IV – निम्न स्थिर

(C) अवस्था II – प्रारंभिक विस्तार (D) अवस्था III – विलंबित (देर से) विस्तार

A rapid increase in the elderly population occurs during which stage of the Demographic Transition Model ?

(A) Stage I – High stationary (B) Stage IV – Low stationary

(C) Stage II – Early expanding (D) Stage III – Late expanding

20. अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. INSTC को 2000 में भारत, रूस और ईरान द्वारा लॉन्च किया गया था।

II. यह एक बहु-मोडल परिवहन गलियारा है जो भारत को मध्य एशिया और रूस के माध्यम से यूरोप से जोड़ता है।

III. यह भारत को अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका से जोड़ता है।

**विकल्प :**

(A) I, II और III
(B) केवल I और III
(C) केवल I और II
(D) केवल II और III

Which of the following statements about the International North-South Transport Corridor (INSTC) are correct ?

I. INSTC was launched in 2000 by India, Russia and Iran.

II. It is a multi-modal transport corridor connecting India to Europe via Central Asia and Russia.

III. It connects India with Africa and South America.

**Options :**

(A) I, II and III
(B) I and III only
(C) I and II only
(D) II and III only

21. मयूराक्षी नहर निम्नलिखित में से किस नदी की अपवाह द्रोणी से संबंधित है ?

(A) नर्मदा
(B) ब्रह्मपुत्र
(C) गंगा
(D) गोदावरी

The Mayurakshi Canal belongs to the drainage basin of which of the following rivers ?

(A) Narmada
(B) Brahmaputra
(C) Ganga
(D) Godavari

22. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **(भौतिक विशेषता)** | **(स्थान)** |
|---|---|---|
| I. | यूराल पर्वतमाला | यूरोपीय और एशियाई रूस के बीच की सीमा |
| II. | पश्चिमी साइबेरियाई मैदान | यूराल पर्वतमाला और येनिसेई नदी के बीच |
| III. | काकेशस पर्वतमाला | अरल सागर और बैकाल झील के बीच |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म ***ग़लत*** है/हैं ?

(A) केवल I
(B) केवल III
(C) II और III
(D) I और II

Consider the following pairs :

| | **(Physical Feature)** | **(Location)** |
|---|---|---|
| I. | Ural Mountains | Boundary between European and Asian Russia |
| II. | West Siberian Plain | Between Ural Mountains and Yenisei River |
| III. | Caucasus Mountains | Between Aral Sea and Lake Baikal |

Which of the above pairs is/are ***incorrect*** ?

(A) I only
(B) III only
(C) II and III
(D) I and II

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. अमेज़न वर्षावन ने अकेले पिछले 50 वर्षों में अपने वन क्षेत्र का 60% से अधिक हिस्सा खो दिया है।

II. जल चक्र में व्यवधान वनों की कटाई के प्रभावों में से एक है।

III. REDD+ वनों को संरक्षित करने के लिए विकासशील देशों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल I और II
(B) केवल II और III
(C) केवल II
(D) केवल I

Consider the following statements :

I. The Amazon rainforest alone has lost more than 60% of its forest area in the last 50 years.

II. Disruption of the water cycle is one of the impacts of deforestation.

III. REDD+ offers financial incentives to developing countries to conserve forests.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) I and II only
(B) II and III only
(C) II only
(D) I only

24. निम्नलिखित में से कौन-सा विभिन्न स्थानों पर ज्वारों में समय विलंब को समझाता है ?

(A) ज्वारीय तरंग के उद्गम (स्रोत) से दूरी
(B) महासागर के जल में थर्मोहेलाइन परिसंचरण
(C) केवल पृथ्वी का घूर्णन
(D) पृथ्वी से चंद्रमा की दूरी में अंतर

Which of the following explains the time lag in tides at different locations ?

(A) Distance from the origin of the tidal wave
(B) Thermohaline circulation in ocean water
(C) Rotation of Earth alone
(D) Differences in lunar distance from Earth

25. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है ?

(A) अवतलन सिद्धांत — डेली
(B) हिमनद नियंत्रण सिद्धांत — चार्ल्स डार्विन
(C) स्टैंडस्टिल सिद्धांत — मुरे
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which one of the following pairs is correctly matched ?

(A) Subsidence theory — Daly
(B) Glacial control theory — Charles Darwin
(C) Standstill theory — Murray
(D) None of the above

26. रैटल जलविद्युत परियोजना निम्नलिखित में से किस नदी पर स्थित है ?

(A) झेलम
(B) चिनाब
(C) ब्यास
(D) रावी

The Ratle Hydroelectric Project is located on which of the following rivers ?

(A) Jhelum
(B) Chenab
(C) Beas
(D) Ravi

2251149322
2051149227

27. "प्रकृति अवसर प्रदान करती है, लेकिन मनुष्य अपनी कार्य-पद्धति स्वयं चुनता है।" भूगोल में किस विचारधारा से यह कथन संबंधित है ?

(A) संभववाद
(B) नव-निश्चयवाद
(C) पर्यावरणीय निश्चयवाद
(D) पर्यावरणीय कारकवाद

"Nature provides opportunities, but man chooses his course of action." Which school of thought in Geography is this statement associated with ?

(A) Possibilism
(B) Neo-determinism
(C) Environmental Determinism
(D) Environmental Factorism

28. किसने मानव का वर्णन यह कहते हुए किया कि "वह (मानव) एक बड़े शहर में ट्रैफिक कंट्रोलर (यातायात नियंत्रक) के समान है जो प्रगति की दर को तो बदल देता है लेकिन उसकी दिशा को नहीं" ?

(A) इसाया बोमन
(B) फ्रेडरिक रैट्ज़ेल
(C) पॉल विडाल डि ला ब्लाश
(D) ग्रिफ़िथ टेलर

Who described man by saying "He (man) is like a traffic controller in a large city who alters the rate but not the direction of progress" ?

(A) Isaiah Bowman
(B) Friedrich Ratzel
(C) Paul Vidal de la Blache
(D) Griffith Taylor

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन I :** मरकैली पैमाना दृश्यमान क्षति (प्रत्यक्ष हानि) के आधार पर भूकंप की तीव्रता को 1 – 10 के बीच मापता है।

**कथन II :** रिक्टर पैमाना उत्सर्जित ऊर्जा के आधार पर 0 – 10 के पैमाने पर भूकंप का परिमाण मापता है।

सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।
(B) दोनों कथन ग़लत हैं।
(C) दोनों कथन सही हैं।
(D) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

Consider the following statements :

**Statement I :** The Mercalli scale measures earthquake intensity from 1 – 10 based on visible damage.

**Statement II :** The Richter scale measures earthquake magnitude on a scale of 0 – 10 based on energy released.

Select the correct option :

(A) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.
(B) Both statements are incorrect.
(C) Both statements are correct.
(D) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

205114922

30. ईसार्ड के औद्योगिक अवस्थिति सिद्धांत के संदर्भ में "रूपांतरण रेखा" किसका प्रतिनिधित्व करती है ?

(A) दो स्थानों के बीच स्थानिक ट्रेड-ऑफ या प्रतिस्थापन की संभावनाएँ

(B) औद्योगिक दूरी पर लागू ट्रांस-साइबेरियन रेलवे का मार्ग

(C) सभी भौगोलिक बिंदुओं पर समान लाभ दर्शाने वाली रेखा

(D) वह सीमा जहाँ परिवहन लागत शून्य हो जाती है

What does the "Transformation Line" represent in the context of Isard's principle of industrial location ?

(A) The spatial trade-off or substitution possibilities between two locations

(B) The path of the Trans-Siberian Railway as applied to industrial distance

(C) The line representing equal profit across all geographical points

(D) The boundary where transport costs become zero

31. कोनिज़ा और डिजिटारिया जैसी शाकनाशी-प्रतिरोधी खरपतवारों का विकास विशेष रूप से __________ में बड़े पैमाने पर एचटी फसल की खेती से जुड़ा हुआ है।

(A) चीन (B) ऑस्ट्रेलिया (C) ब्राज़ील (D) भारत

The development of herbicide-resistant weeds such as Conyza and Digitaria has been particularly associated with large-scale HT crop cultivation in :

(A) China (B) Australia (C) Brazil (D) India

32. एक भूगोलवेत्ता ने एक भू-आकृति का अवलोकन किया और उसका वर्णन इस प्रकार किया :

1. सतह समतल-शीर्ष वाली है और आसपास के भू-भाग से अलग-थलग है।
2. इसके पार्श्व तीव्र और लगभग ऊर्ध्वाधर हैं।.
3. एक ब्यूट (butte) उस भू-आकृति का और अधिक अपरदित रूप है।

किस भू-आकृति का वर्णन किया जा रहा है ?

(A) यार्डांग (B) फ्येल

(C) मेसा (D) प्लाया

A geographer observes a landform and describes it as :

1. The surface is flat-topped and isolated from the surrounding terrain.
2. The sides are steep and almost vertical.
3. A butte is a further-eroded version of this landform.

Which landform is being described ?

(A) Yardang (B) Fjell

(C) Mesa (D) Playa

33. कनाडा के ग्रैंड बैंक्स अपनी निम्नलिखित विशेषताओं के लिए वैश्विक रूप से महत्त्वपूर्ण हैं :

(A) समृद्ध समुद्री मत्स्य क्षेत्र (B) जलविद्युत स्रोत

(C) जहाज-निर्माण उद्योग (D) अपतटीय पेट्रोलियम भंडार

The Grand Banks of Canada are globally significant for their :

(A) Rich marine fisheries (B) Hydroelectric source

(C) Shipbuilding industry (D) Offshore petroleum reserves

34. जब महासागर में दाब ढलान बल को कोरियोलिस प्रभाव द्वारा संतुलित किया जाता है, तो उत्पन्न महासागरीय धारा को कहा जाता है :

(A) एकमैन परिवहन
(B) जियोस्ट्रॉफिक परिसंचरण
(C) थर्मोहेलाइन परिसंचरण
(D) उत्प्रवाह (अपवेलिंग)

When the pressure gradient force in the ocean is balanced by the Coriolis effect, the resulting ocean current is called :

(A) Ekman Transport
(B) Geostrophic Circulation
(C) Thermohaline Circulation
(D) Upwelling

35. **कथन I :** सूर्य ऊष्मीय अवरक्त विकिरण उत्सर्जित करता है, जबकि पृथ्वी लघु-तरंग विकिरण उत्सर्जित करती है।
**कथन II :** सूर्यातप (अभिसौर विकिरण) को वॉट प्रति वर्ग मीटर इकाइयों में मापा जाता है।
निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है।
(B) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।
(C) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।
(D) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है।

**Statement I :** The Sun emits thermal infrared radiation, while the Earth emits short-wave radiation.
**Statement II :** Insolation is measured in units of watts per square metre.
Which one of the following is correct ?

(A) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.
(B) Both Statement I and Statement II are correct.
(C) Both Statement I and Statement II are incorrect.
(D) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

36. निम्नलिखित में से चावल संवर्धन प्रणाली (एसआरआई) के संबंध में कौन-सा कथन ग़लत है ?

(A) एसआरआई खेती ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में मदद कर सकती है।
(B) एसआरआई धान के खेतों में निरंतर जलभराव को हतोत्साहित करती है।
(C) एसआरआई से उगाए गए पौधों की जड़ प्रणाली अधिक प्रचुर होती है।
(D) एसआरआई खेती में उर्वरकों का भारी उपयोग आवश्यक है।

Which one of the following statements regarding the System of Rice Intensification (SRI) is ***incorrect*** ?

(A) SRI cultivation can help reduce greenhouse gas emissions.
(B) SRI discourages continuous flooding of paddy fields.
(C) SRI-grown plants develop more prolific root systems.
(D) SRI cultivation requires heavy use of fertilizers.

205114922

37. स्मिथ के सरलीकृत वास्तविक-विश्व मॉडल के अनुसार, किसी उद्योग के लिए "सबसे अधिक लाभदायक स्थान" उस बिंदु के रूप में परिभाषित किया जाता है जहाँ :

(A) फर्म ठीक लाभप्रदता के स्थानिक मार्जिन पर संचालित होती है।

(B) कुल परिवहन लागतें पूर्णतः न्यूनतम होती हैं।

(C) कुल राजस्व कुल लागत से अधिकतम मात्रा में अधिक होता है।

(D) पूँजी और श्रम के बीच प्रतिस्थापन एक के बराबर है।

According to Smith's simplified real-world model, the "most profitable location" for an industry is defined as the point where :

(A) The firm operates exactly at the spatial margin of profitability.

(B) Total transport costs are at their absolute minimum.

(C) Total revenue exceeds total cost by the greatest amount.

(D) The substitution between capital and labour is equal to one.

38. यह अनाज की फसल लेवांत क्षेत्र और इथियोपियाई उच्चभूमि में उत्पन्न हुई थी। यह 30° उत्तरी अक्षांश और 60° उत्तरी अक्षांश के बीच व्यापक रूप से उगाई जाती है और खाद्यान्न उत्पादन में प्रमुख है। यह भारत के उत्तरी और दक्षिणी दोनों राज्यों में उगाई जाती है। फसल की पहचान कीजिए :

(A) मक्का

(B) दालें

(C) चावल

(D) गेहूँ

This cereal crop originated in the Levant region and Ethiopian Highlands. It is widely grown between 30°N and 60°N latitudes and dominates food grain production. It is grown in both northern and southern Indian states. Identify the crop :

(A) Maize

(B) Pulses

(C) Rice

(D) Wheat

39. इंडिया स्टैक क्या है ?

(A) एक ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम

(B) एक वित्तीय सब्सिडी योजना

(C) शासन के लिए डिजिटल उपकरणों की एक प्रणाली

(D) डिजिटल एपीआई का एक समूह जो सेवा वितरण को सक्षम बनाता है

What is India Stack ?

(A) A rural employment programme

(B) A financial subsidy scheme

(C) A system of digital tools for governance

(D) A set of digital APIs enabling service delivery

2051114922

40. "मंचूरिया औद्योगिक क्षेत्र" को भारी उद्योग का शक्ति केंद्र बताया गया है। कौन-से तीन शहर उस "औद्योगिक त्रिकोण" का निर्माण करते हैं, जो चीन की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस और कोयला खदानों के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) डेरेन, पेनकी और मुकदेन

(B) तियानत्सिन, पेकिंग और तांगशान

(C) अनशान, फुशुन और शेनयांग

(D) फुशुन, काइपिंग और चिनवांगताओ

The "Manchurian Industrial Region" is described as a heavy industry powerhouse. Which three cities form the "industrial triangle" noted for housing China's largest blast furnaces and coal mines ?

(A) Dairen, Penki and Mukden

(B) Tientsin, Peking and Tangshan

(C) Anshan, Fushun and Shenyang

(D) Fushun, Kaiping and Chinwangtao

41. निम्नलिखित में से किसने '*इंफ्लुएंसिज ऑफ ज्योग्राफिक एनवायरमेंट*' (1911) लिखी ?

(A) फ्रेडरिक रैट्ज़ेल

(B) एल्सवर्थ हंटिंगटन

(C) एलेन चर्चिल सेम्पल

(D) ग्रिफ़िथ टेलर

Who among the following wrote '*Influences of Geographic Environment*' (1911) ?

(A) Friedrich Ratzel

(B) Ellsworth Huntington

(C) Ellen Churchill Semple

(D) Griffith Taylor

42. संसाधन, प्रौद्योगिकी और जनसंख्या के आधार पर विश्व जनसंख्या का क्षेत्रीय वर्गीकरण इनके द्वारा प्रस्तावित किया गया था :

(A) कार्ल मार्क्स

(B) एडवर्ड ए. एकरमैन

(C) थॉमस रॉबर्ट माल्थस

(D) वॉरेन थॉम्पसन

The regional classification of world population based on resources, technology, and population was proposed by :

(A) Karl Marx

(B) Edward A. Ackerman

(C) Thomas Robert Malthus

(D) Warren Thompson

43. कार्स्ट वातावरण में, चूना-पत्थर का वियोजन निम्नलिखित की उपस्थिति से बढ़ जाता है :

(A) वायुमंडलीय मिश्रण से घुलित ऑक्सीजन

(B) कार्बोनिक अम्ल के वियोजन से उत्पन्न हाइड्रोजन आयन

(C) भूजल में मौजूद सोडियम आयन

(D) कार्स्ट भू-आकृति की आधारशैल में सिलिकेट खनिज

In karst environments, the dissolution of limestone is enhanced by the presence of :

(A) Dissolved oxygen from atmospheric mixing

(B) Hydrogen ions generated from carbonic acid dissociation

(C) Sodium ions present in groundwater

(D) Silicate minerals in bedrock of the karst landform

**44.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (औद्योगिक क्रांति (आईआर)) | | सूची II (विशेषता) |
|---|---|---|---|
| a. | प्रथम आईआर | i. | इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी स्वचालन |
| b. | द्वितीय आईआर | ii. | मशीनीकरण के लिए जल और भाप ऊर्जा |
| c. | तृतीय आईआर | iii. | बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए विद्युत ऊर्जा |
| d. | चतुर्थ आईआर | iv. | डिजिटल, भौतिक और जैविक प्रणालियों का संलयन |

**कूट :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(B) a-i, b-iv, c-iii, d-ii
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| | List I (Industrial Revolution (IR)) | | List II (Feature) |
|---|---|---|---|
| a. | First IR | i. | Electronics and IT Automation |
| b. | Second IR | ii. | Water and Steam Power for Mechanization |
| c. | Third IR | iii. | Electric Power for Mass Production |
| d. | Fourth IR | iv. | Fusion of Digital, Physical and Biological Systems |

**Codes :**

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(B) a-i, b-iv, c-iii, d-ii
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

**45.** टोकाइदो मेगालोपोलिस के बाहर स्थित छोटी बस्तियों में "वरिष्ठ नागरिक कस्बों" का उदय निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया का परिणाम है ?

(A) स्वास्थ्य सुधार के लिए बुजुर्गों को ग्रामीण क्षेत्रों में बसाने की सरकारी नीति
(B) शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च जन्म दर
(C) रोजगार के लिए परिवार के युवा सदस्यों का बड़े शहरों की ओर पलायन
(D) प्रमुख शहरों में प्रदूषण का उच्च स्तर

The emergence of "geriatric towns" in smaller settlements located outside the Tokaido Megalopolis is the result of which of the following processes ?

(A) Government policy to settle the elderly in the countryside for better health
(B) Higher birth rates in rural areas than in urban areas
(C) Movement of younger family members to larger cities for employment
(D) High pollution levels in the major cities

2051114922

46. डेविड रिकार्डो के जनसंख्या सिद्धांत ने निम्नलिखित के बीच संबंध स्थापित किया :

(A) जनसंख्या और प्रौद्योगिकी
(B) जनसंख्या और मजदूरी
(C) जनसंख्या और बाजार
(D) जनसंख्या और पूँजी

The population theory of David Ricardo established the relationship between :

(A) Population and technology
(B) Population and wage
(C) Population and market
(D) Population and capital

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अपनति (एंटीक्लाइन) और अभिनति (सिनक्लाइन) के बारे में सही है ?

**कथन I :** अपनति हमेशा उच्च उच्चावच के रूप में दिखाई देती हैं, जबकि अभिनति हमेशा निम्न उच्चावच के रूप में दिखाई देती हैं।

**कथन II :** चट्टानों का सापेक्ष प्रतिरोध और अपरदन दरें यह निर्धारित करती हैं कि अपनति या अभिनति उच्चावच में उच्चतर होती हैं या नहीं।

**विकल्प :**

(A) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है।
(B) दोनों कथन सही हैं, और कथन II, कथन I की व्याख्या करता है।
(C) दोनों कथन सही हैं, लेकिन कथन II, कथन I की व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(D) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है।

Which of the following statements is correct about anticlines and synclines ?

**Statement I :** Anticlines always appear as high relief, while synclines always appear as low relief.

**Statement II :** Relative resistance of rocks and erosion rates determine whether anticlines or synclines stand higher in relief.

**Options :**

(A) Statement I is false, but Statement II is true.
(B) Both statements are true and Statement II explains Statement I.
(C) Both statements are true, but Statement II does ***not*** explain Statement I.
(D) Statement I is true, but Statement II is false.

48. पृथ्वी के तरल बाहरी कोर में संवहनी तरल गति की गतिज ऊर्जा को चुंबकीय ऊर्जा में कौन-सा तंत्र परिवर्तित करता है ?

(A) गुरुत्वीय विभेदन सिद्धांत
(B) थर्मोमैग्नेटिक (तापचुंबकीय) सिद्धांत
(C) डायनेमो सिद्धांत
(D) चुंबकीय स्थैतिक सिद्धांत

Which mechanism converts the kinetic energy of convective fluid motion in the Earth's liquid outer core into magnetic energy ?

(A) Gravitational differentiation theory
(B) Thermomagnetic theory
(C) Dynamo theory
(D) Magnetostatic theory

2051149422

49. निम्नलिखित भू-आकृति विशेषताओं को डेविस के अपरदन चक्र के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. समप्राय भूमि (पेनेप्लेन) संरचना

II. V-आकार की घाटियाँ

III. लुप्त होते जल-विभाजक (दोआबा)

**विकल्प :**

(A) II, III, I (B) II, I, III

(C) III, II, I (D) I, II, III

Arrange the following landform features in order of Davis' erosion cycle :

I. Peneplain formation

II. V-shaped valleys

III. Interfluves disappearing

**Options :**

(A) II, III, I (B) II, I, III

(C) III, II, I (D) I, II, III

50. वॉन थुनेन के अनुसार, दूसरी पेटी में कौन-सी गतिविधि प्रमुख होती है ?

(A) गहन कृषि (B) पशुपालन

(C) ईंधन एवं लकड़ी उत्पादन (D) तीन-फसल प्रणाली

According to Von Thünen, which activity is considered in the second zone ?

(A) Intensive Farming (B) Animal Husbandry

(C) Fuelwood and Timber Production (D) Three-field System

51. कौन-सी नदी शान पठार के मध्य भाग को एक गहरी तंग घाटी (गॉर्ज) से होकर पार करती है ?

(A) इरावदी नदी (B) सितांग नदी

(C) मेकांग नदी (D) सालवीन नदी

Which river traverses the central part of the Shan Plateau through a deep gorge ?

(A) Irrawaddy River (B) Sitang River

(C) Mekong River (D) Salween River

52. पल्ली गाँव निम्नलिखित में से किसकी स्थापना के कारण कार्बन-तटस्थ बन गया ?

(A) सौर ऊर्जा संयंत्र (B) पवन ऊर्जा संयंत्र

(C) जलविद्युत संयंत्र (D) परमाणु ऊर्जा संयंत्र

Palli village became carbon-neutral due to the installation of :

(A) Solar energy plant (B) Wind energy plant

(C) Hydropower plant (D) Nuclear energy plant

53. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र ऊर्जा-गहन है और डीकार्बोनाइजेशन के लिए महत्त्वपूर्ण है ?

(A) कृषि क्षेत्र
(B) आईटी उद्योग
(C) ऐलुमिनियम उद्योग
(D) वस्त्र उद्योग

Which of the following sectors is energy-intensive and crucial for decarbonisation ?

(A) Agriculture sector
(B) IT industry
(C) Aluminium industry
(D) Textile industry

54. संयुक्त राज्य अमेरिका के "एडिरोंडैक पर्वत" भूवैज्ञानिक रूप से किस क्षेत्र का विस्तार है ?

(A) अपलाचियन पर्वत
(B) पश्चिमी कॉर्डिलेरा
(C) लॉरेंशियन शील्ड
(D) मध्य मैदान

The "Adirondack Mountains" of the USA are geologically an extension of which region ?

(A) The Appalachian Mountains
(B) The Western Cordilleras
(C) The Laurentian Shield
(D) The Central Plains

55. ट्रांस-कैस्पियन रेलवे यूरोपीय रूस को मध्य एशिया से जोड़ती है। यह कैस्पियन सागर के किस बंदरगाह से शुरू होती है ?

(A) पोर्ट आर्थर
(B) व्लादिवोस्तोक
(C) क्रास्नोवोड्स्क
(D) हैलिफ़ैक्स

The Trans-Caspian Railway connects European Russia with Central Asia starting from which port on the Caspian Sea ?

(A) Port Arthur
(B) Vladivostok
(C) Krasnovodsk
(D) Halifax

56. किसने तर्क दिया कि भूगोल आवश्यकताओं का नहीं, बल्कि संभावनाओं का अध्ययन करता है ?

(A) अल्बर्ट डेमनजोन
(B) फ्रेडरिक रैट्ज़ेल
(C) लुसिएन फेब्रे
(D) जीन ब्रून्स

Who argued that geography studies not necessities, but possibilities ?

(A) Albert Demangeon
(B) Friedrich Ratzel
(C) Lucien Febvre
(D) Jean Brunhes

57. वोल्करकुंडे (1885 – 88) किसने लिखी ?

(A) डेविस
(B) रावेनो
(C) फोर्स्टर
(D) रैट्ज़ेल

Who wrote *Völkerkunde* (1885 – 88) ?

(A) Davis
(B) Raveneau
(C) Forster
(D) Ratzel

58. उत्तरी अटलांटिक प्रवाह निम्नलिखित में से किस धारा का विस्तार है ?

(A) ब्राज़ीलियन धारा
(B) लैब्राडोर धारा
(C) गल्फ स्ट्रीम
(D) कैनरी धारा

The North Atlantic Drift represents the continuation of which of the following currents ?

(A) Brazilian Current
(B) Labrador Current
(C) Gulf Stream
(D) Canary Current

205114922

59. क्षेत्रीय विकास में "विकास ध्रुव" की अवधारणा का योगदान इनके द्वारा दिया गया था :

(A) पैरोक्स और बूडविल
(B) वाल्टर ईसार्ड और पैरोक्स
(C) क्रिस्टालर और लोश
(D) वॉन थुनेन और ईसार्ड

The concept of "growth poles" in regional development was contributed by :

(A) Perroux and Boudeville
(B) Walter Isard and Perroux
(C) Christaller and Lösch
(D) Von Thünen and Isard

60. भूकंप के अधिकेंद्र के निर्धारण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. अधिकेंद्र का पता पी और एस तरंगों के यात्रा समय की तुलना करके लगाया जाता है।
II. सटीक त्रिभुजीकरण के लिए दो भूकंपीय स्टेशनों की आवश्यकता होती है।
III. अधिकेंद्र भूकंपीय स्टेशनों के चारों ओर खींचे गए वृत्तों के प्रतिच्छेदन बिंदु पर स्थित होता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

205114922

(A) केवल I और III
(B) I, II और III
(C) केवल I और II
(D) केवल II और III

Consider the following statements regarding earthquake epicentre determination :

I. The epicentre is located by comparing the travel times of P and S waves.
II. Two seismic stations are required for accurate triangulation.
III. The epicentre lies at the intersection of circles drawn around seismic stations.

Which of the above statements are correct ?

(A) I and III only
(B) I, II and III
(C) I and II only
(D) II and III only

205114922

61. निम्नलिखित में से भूगोलवेत्ताओं और उनकी विचारधाराओं का कौन-सा युग्म सही <u>नहीं</u> है ?

(A) फ्रेडरिक रेट्ज़ेल — जर्मन स्कूल
(B) कार्ल ओ. सॉवर — जर्मन स्कूल
(C) इसाया बोमन — अमेरिकी स्कूल
(D) जीन ब्रून्स — फ्रांसीसी स्कूल

Which of the following pairings of geographers and their schools of thought is ***not*** correct ?

(A) Friedrich Ratzel — German school
(B) Carl O. Sauer — German school
(C) Isaiah Bowman — American school
(D) Jean Brunhes — French school

62. जलवायु विज्ञान में समताप रेखाओं के परिचय का श्रेय जाता है :

(A) अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट
(B) हाल्फोर्ड मैकिंडर
(C) जूलियस हान
(D) व्लादिमीर कोपेन

The introduction of isotherms in climatology is credited to :

(A) Alexander von Humboldt
(B) Halford Mackinder
(C) Julius Hann
(D) Wladimir Köppen

63. निम्नलिखित में से कॉफी के बारे में कौन-से कथन *ग़लत* हैं ?

I. यह इथियोपिया में उत्पन्न हुई।

II. यह पोडज़ोल मिट्टी को पसंद करती है।

III. कॉफी की खेती बड़े फार्मों पर की जाती है जिन्हें कोल्खोज़ कहा जाता है।

**विकल्प :**

(A) केवल I और II
(B) केवल I और III
(C) केवल II और III
(D) केवल I, II और III

Which of the following statements about coffee are ***incorrect*** ?

I. It originated in Ethiopia.

II. It favours podzol soil.

III. Coffee plantations are developed on large farms called Kolkhozes.

**Options :**

(A) I and II only
(B) I and III only
(C) II and III only
(D) I, II and III only

64. निम्नलिखित लौह अयस्कों में से किसमें लोहे का प्रतिशत सबसे कम है ?

(A) हेमाटाइट
(B) साइडराइट
(C) मैग्नेटाइट
(D) लिमोनाइट

Which of the following iron ores contains the least percentage of iron ?

(A) Hematite
(B) Siderite
(C) Magnetite
(D) Limonite

65. निम्नलिखित में से छत्तीसगढ़ के किस क्षेत्र में सिलिकायुक्त हेमेटाइट अयस्क पट्टी है ?

(A) बैलाडिला रेंज, दंतेवाड़ा
(B) सूरजगढ़ रेंज, गढ़चिरौली
(C) बोनाई-क्योंझर बेल्ट
(D) तुमकुर और चित्रदुर्ग जिले

Which of the following regions has a Siliceous hematitic ore belt in Chhattisgarh ?

(A) Bailadila range, Dantewada
(B) Surajgarh range, Gadchiroli
(C) Bonai-Keonjhar belt
(D) Tumkur and Chitradurga districts

2051142922

66. निम्नलिखित में से कौन पर्यावरणीय निश्चयवाद का आलोचक था ?

(A) एल्सवर्थ हंटिंगटन
(B) अल्फ्रेड हेटनर
(C) थुसिडाइड्स
(D) अर्न्स्ट हेकेल

Who among the following was a critic of Environmental Determinism ?

(A) Ellsworth Huntington
(B) Alfred Hettner
(C) Thucydides
(D) Ernst Haeckel

205114922

67. मोहेर निम्नलिखित में से किस जानवर से प्राप्त एक चमकदार रेशा है ?

(A) मेरिनो भेड़
(B) कश्मीरी बकरी
(C) अंगोरा बकरी
(D) अल्पाका

Mohair is a lustrous fiber obtained from which of the following animals ?

(A) Merino sheep
(B) Cashmere goat
(C) Angora goat
(D) Alpaca

68. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची I (क्षेत्र)** | **सूची II (संसाधन/उद्योग)** |
|---|---|
| a. लोरेन कोयला क्षेत्र | i. कोयला |
| b. पैराडॉक्स बेसिन | ii. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| c. रूहर औद्योगिक क्षेत्र | iii. पोटाश |
| d. वोल्गा बेसिन | iv. स्टील |

205114922

**कूट :**

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(C) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| **List I (Region)** | **List II (Resource/Industry)** |
|---|---|
| a. Lorraine Coalfield | i. Coal |
| b. Paradox Basin | ii. Petroleum and natural gas |
| c. Ruhr Industrial Region | iii. Potash |
| d. Volga Basin | iv. Steel |

205114922

**Codes :**

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i
(B) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(C) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

69. बीटी कपास और बीटी मक्का जैसी कई जीएम फसलों में पाया जाने वाला कीट-प्रतिरोधी गुण किस जीव से प्राप्त होता है ?

(A) विषाणु
(B) शैवाल
(C) जीवाणु
(D) फफूँदी

The insect-resistant trait found in many GM crops such as Bt Cotton and Bt Corn is derived from which organism ?

(A) Virus
(B) Algae
(C) Bacteria
(D) Fungus

70. फुक्ताल नदी निम्नलिखित में से किस नदी की सहायक नदी है ?

(A) ज़ांस्कर नदी
(B) सिंधु नदी
(C) श्योक नदी
(D) नुब्रा नदी

The Phuktal River is a tributary of which of the following rivers ?

(A) Zanskar River
(B) Indus River
(C) Shyok River
(D) Nubra River

71. भारत में गहन प्रवाल भित्ति संरक्षण के लिए निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों की पहचान की गई थी ?

I. मन्नार की खाड़ी
II. कच्छ की खाड़ी
III. लक्षद्वीप
IV. अंडमान और निकोबार

**विकल्प :**

(A) केवल II, III और IV
(B) केवल I और II
(C) I, II, III और IV
(D) केवल I, II और III

Which of the following regions were identified for intensive coral reef conservation in India ?

I. Gulf of Mannar
II. Gulf of Kutch
III. Lakshadweep
IV. Andaman and Nicobar

**Options :**

(A) II, III and IV only
(B) I and II only
(C) I, II, III and IV
(D) I, II and III only

72. मिस्र के उस प्रमुख बंदरगाह शहर का नाम बताइए जो उस बिंदु पर स्थित है जहाँ स्वेज़ नहर भूमध्य सागर में खुलती है ?

(A) स्वेज़
(B) एडन
(C) अलेक्जेंड्रिया
(D) पोर्ट सईद

Name the major port city in Egypt located at the point where the Suez Canal opens into the Mediterranean Sea.

(A) Suez
(B) Aden
(C) Alexandria
(D) Port Said

2051114922

73. ल्योंस में रेशम उद्योग भौगोलिक रूप से किन दो नदियों के संगम पर स्थित है ?

(A) रोन और ड्यूरेंस
(B) सीन और रोन
(C) मोसेले और साओन
(D) साओन और रोन

The silk industry in Lyons is geographically at the confluence of which two rivers ?

(A) Rhone and Durance
(B) Seine and Rhone
(C) Moselle and Saone
(D) Saone and Rhone

74. पारिस्थितिकी (Ökologie) शब्द किसने गढ़ा और इसे डार्विन के विकासवादी सिद्धांत से जोड़ा ?

(A) कार्ल रिटर
(B) अर्न्स्ट हेकेल
(C) आर्थर जी. टैन्सले
(D) चार्ल्स डार्विन

Who coined the term ecology (Ökologie) and linked it to Darwin's evolutionary theory ?

(A) Karl Ritter
(B) Ernst Haeckel
(C) Arthur G. Tansley
(D) Charles Darwin

75. एपिफाइट्स के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. ये निम्न-अक्षांश वाले वनों में पाए जाते हैं।
II. वे मेज़बान पौधे से पोषक तत्त्व प्राप्त करते हैं।
III. वे शुष्क क्षेत्रों में उगते हैं।
IV. इन्हें "एयर प्लांट्स" (वायु पौधे) भी कहा जाता है।
V. सामान्य उदाहरणों में मॉस और लाइकेन शामिल हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) I, III और V
(B) I, IV और V
(C) II, III और IV
(D) I, II और III

Consider the following statements about epiphytes :

I. These are found in low-latitude forests.
II. They obtain nutrients from the host plant.
III. They grow in arid regions.
IV. They are also called "air plants".
V. Common examples include mosses and lichens.

Which of the above statements are correct ?

(A) I, III and V
(B) I, IV and V
(C) II, III and IV
(D) I, II and III

205114922

76. वायुमंडलीय हस्तक्षेप तकनीकों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा "क्लाउड सीडिंग" विधि का सही विवरण है ?

(A) क्लाउड सीडिंग से किसी क्षेत्र की वार्षिक वर्षा स्थायी रूप से बढ़ाई जा सकती है।

(B) बादलों के छितराव (विघटन) को बढ़ावा देकर क्लाउड सीडिंग वर्षा में वृद्धि करती है।

(C) क्लाउड सीडिंग बर्गेरॉन-फिन्डाइसन प्रक्रिया पर निर्भर करती है।

(D) क्लाउड सीडिंग में कपासी वर्षा (क्यूम्यूलोनिम्बस) बादल विकसित करने के लिए वायुमंडल में सूखी बर्फ फैलाना शामिल है।

With reference to atmospheric intervention techniques regarding the "cloud seeding" method, which of the following is correct ?

(A) Cloud seeding can permanently increase the annual rainfall of a region.

(B) Cloud seeding enhances precipitation by promoting cloud dissipation.

(C) Cloud seeding relies on the Bergeron-Findeisen process.

(D) Cloud seeding involves dispersing dry ice into the atmosphere to develop cumulonimbus clouds.

77. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची I (दाब पेटियाँ)** | | **सूची II (लक्षण)** |
|---|---|---|---|
| a. | भूमध्यरेखीय निम्न | i. | पवनों का अपसरण |
| b. | उपोष्ण उच्च | ii. | व्यापारिक पवनों का अभिसरण |
| c. | उपध्रुवीय निम्न | iii. | पछुआ और पूर्वी पवनों का मिलन |
| d. | ध्रुवीय उच्च | iv. | ठंडा घना अवतलन |

कूट :

(A) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

(B) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| | **List I (Pressure Belts)** | | **List II (Traits)** |
|---|---|---|---|
| a. | Equatorial Low | i. | Divergence of winds |
| b. | Subtropical High | ii. | Convergence of trade winds |
| c. | Subpolar Low | iii. | Meeting of westerlies and easterlies |
| d. | Polar High | iv. | Cold dense descent |

**Codes :**

(A) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

(B) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

78. वृद्धि किस प्रकार के परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है ?

(A) गुणात्मक परिवर्तन
(B) सांस्कृतिक परिवर्तन
(C) मूल्य-सकारात्मक परिवर्तन
(D) मात्रात्मक परिवर्तन

What type of change does growth represent ?

(A) Qualitative change
(B) Cultural change
(C) Value-positive change
(D) Quantitative change

79. कैंडी बेसिन, उजी, जावा और सुरमा घाटी क्षेत्र किसकी खेती के लिए प्रसिद्ध हैं ?

(A) चाय
(B) कॉफी
(C) रबड़
(D) गन्ना

The regions Kandy Basin, Uji, Java and Surma Valley are famous for the cultivation of :

(A) Tea
(B) Coffee
(C) Rubber
(D) Sugarcane

80. एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात के विकास के लिए कौन-सी वायुमंडलीय स्थिति अनुकूल है ?

(A) स्थिर वायुमंडल
(B) अस्थिर ह्रास दर
(C) तीव्र ऊर्ध्वाधर पवन अपकर्ष
(D) निचले वायुमंडल में शुष्क वायु

Which atmospheric condition is favourable for the development of a Tropical Cyclone ?

(A) Stable atmosphere
(B) Unstable Lapse Rate
(C) Strong vertical wind shear
(D) Dry air in the lower atmosphere

81. पर्यावरण और मनुष्यों के बीच संबंध की व्याख्या करते समय फ्रेडरिक रैट्ज़ेल ने निम्नलिखित में से किन भौतिक चरों पर जोर दिया ?

I. ऊँचाई
II. स्थलाकृति
III. जलवायु
IV. वनस्पति

नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल I और II
(B) केवल II और IV
(C) केवल I, III और IV
(D) I, II, III और IV

Which of the following physical variables were emphasized by Friedrich Ratzel while explaining the relationship between environment and humans ?

I. Altitude
II. Topography
III. Climate
IV. Vegetation

Select the correct answer from the options given below :

(A) I and II only
(B) II and IV only
(C) I, III and IV only
(D) I, II, III and IV

205114922

82. एल नीनो वाले वर्षों के दौरान कौन-सी स्थिति प्रवाल विरंजन में वृद्धि का कारण बनती है ?

(A) समुद्र के सतही जल में लवणता और पोषक तत्त्वों में कमी

(B) समुद्र के सतही जल का ठंडा होना

(C) समुद्र की सतह के नीचे की धाराओं में वृद्धि

(D) समुद्र सतह के तापमान में वृद्धि

What condition during El Niño years causes increased coral bleaching ?

(A) Decrease in ocean surface water salinity and nutrients

(B) Cooling of ocean surface waters

(C) Increase in sub-surface ocean currents

(D) Rise in sea surface temperatures

83. हंटिंगटन के निश्चयवादी लेखन ने सभ्यताओं को आकार देने में __________ की भूमिका पर जोर दिया।

(A) प्रौद्योगिकी

(B) जलवायु

(C) उच्चावच

(D) संसाधन

Huntington's deterministic writings emphasized the role of __________ in shaping civilizations.

(A) Technology

(B) Climate

(C) Relief

(D) Resources

84. क्लास्टिक अवसादी या घुसपैठीय आग्नेय चट्टानों को तीव्र गर्मी और दबाव के संपर्क में आने से उत्पन्न चट्टान को कहा जाता है :

(A) संगमरमर (B) स्लेट

(C) क्वार्ट्ज़ाइट (D) नीस

A rock resulting from the exposure of clastic sedimentary or intrusive igneous rocks to intense heat and pressure is known as :

(A) Marble (B) Slate

(C) Quartzite (D) Gneiss

85. ढलान विकास के "हाइड्रोलिक स्लोप सिद्धांत" को किसने दिया ?

(A) आर.ए.जी. सविगियर (B) ए. वुड

(C) लेस्टर किंग (D) आर.ई. हॉर्टन

Who has given the "Hydraulic slope theory" of slope development ?

(A) R.A.G. Savigear (B) A. Wood

(C) Lester King (D) R.E. Horton

205114922

86. माल्थस के सिद्धांत के अनुसार, यदि जनसंख्या 10 लाख (1 मिलियन) से शुरू होती है और खाद्य आपूर्ति 1 इकाई से शुरू होती है, तो 75 वर्षों के बाद क्रमशः जनसंख्या (मिलियन में) और खाद्य आपूर्ति (इकाइयों में) क्या होंगी, यह मानते हुए कि प्रत्येक 25 वर्ष में जनसंख्या दोगुनी हो जाती है और खाद्य आपूर्ति में अंकगणितीय रूप से 1 इकाई की वृद्धि होती है ?

(A) 4 और 3
(B) 6 और 3
(C) 8 और 4
(D) 16 और 5

According to the Malthusian theory, if a population starts at 1 million and the food supply starts at 1 unit, what will be the exact population (in millions) and food supply (in units) respectively after 75 years, assuming the population doubles and the food supply increases arithmetically by 1 unit every 25 years ?

(A) 4 and 3
(B) 6 and 3
(C) 8 and 4
(D) 16 and 5

87. उष्णकटिबंधीय चक्रवात में सबसे अधिक वायु वेग कहाँ देखे जाते हैं ?

(A) आँख भित्ति में
(B) बाहरी वर्षा बैंड में
(C) तूफ़ानी लहर क्षेत्र में
(D) आँख में

The highest wind speeds in a tropical cyclone are observed in :

(A) The eyewall
(B) The outer rain bands
(C) The storm surge region
(D) The eye

88. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है :

**अभिकथन (A) :** गन्ना लाल मिट्टी और काली मिट्टी दोनों में उगाया जा सकता है।

**कारण (R) :** गन्ना एक शीतोष्ण फसल है जिसे कम पानी की आवश्यकता होती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।
(B) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।
(C) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(D) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Sugarcane can grow in both red soil and black soil.

**Reason (R) :** Sugarcane is a temperate crop with low water requirements.

Select the correct answer from the options given below :

(A) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.
(B) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.
(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).
(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

2051149922

89. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य भूगोल में संभववादी परंपरा से संबंधित है ?

(A) इंफ्लुएंसिज ऑफ ज्योग्राफिक एनवायरमेंट
(B) एर्डकुंडे
(C) अ ज्योग्राफिकल इंट्रोडक्शन टू हिस्ट्री
(D) एन्थ्रोपोज्योग्राफी

Which of the following works is associated with the possibilist tradition in geography ?

(A) *Influences of Geographic Environment*
(B) *Erdkunde*
(C) *A Geographical Introduction to History*
(D) *Anthropogeographie*

90. निम्नलिखित में से कौन-सा औद्योगिक शहर "लेक मिशिगन क्षेत्र" के भीतर एक औद्योगिक केंद्र है ?

(A) पिट्सबर्ग
(B) बफ़ेलो
(C) सिनसिनाटी
(D) शिकागो

Which industrial city among the following is an industrial hub within the "Lake Michigan Region" ?

(A) Pittsburgh
(B) Buffalo
(C) Cincinnati
(D) Chicago

91. उत्तरी गोलार्ध में समुद्री तापमान दक्षिणी गोलार्ध की तुलना में अधिक होने का मुख्य कारण क्या है ?

(A) स्थल खण्डों का अधिक अनुपात
(B) सूर्य से अधिक दूरी होना
(C) पृथ्वी का झुकाव
(D) अधिक महासागरों की उपस्थिति

Why is the ocean temperature in the Northern Hemisphere higher than in the Southern Hemisphere ?

(A) Greater proportion of land masses
(B) Greater distance from the sun
(C) The tilt of the Earth
(D) Presence of more oceans

92. निम्नलिखित में से वृक्ष प्रजातियों और उनके भारत में पाए जाने वाले विशिष्ट क्षेत्रों का कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(A) गुर्जन – अंडमान द्वीपसमूह
(B) सफेद विलो – तमिलनाडु
(C) आबनूस – दक्कन पठार
(D) तून – हिमालयी क्षेत्र

Which of the following pairings of tree species with their typical regions of occurrence in India is ***incorrectly*** matched ?

(A) Gurjan – Andaman Islands
(B) White Willow – Tamil Nadu
(C) Ebony – Deccan Plateau
(D) Toon – Himalayan region

93. प्रजातियों के विलुप्त होने के जोखिम का आकलन करने के लिए IUCN द्वारा किस मानदंड का उपयोग ***नहीं*** किया जाता है ?

(A) भौगोलिक वितरण आकार
(B) जनसंख्या का आकार और विखंडन
(C) प्रजातियों का आर्थिक मूल्य
(D) जनसंख्या में गिरावट की दर

Which criterion is ***not*** used by IUCN to assess species extinction risk ?

(A) Geographic distribution size
(B) Population size and fragmentation
(C) Economic value of species
(D) Rate of population decline

205114922

**94.** बादलों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. पक्षाभ (सिरस) बादल मध्य-स्तर के बादल होते हैं जो बर्फ के क्रिस्टल से बने होते हैं।

II. कपासी (क्यूम्यूलस) बादल उज्ज्वल और तेज़ मौसम का संकेत देते हैं, लेकिन ये कपासी वर्षा (क्यूम्यूलोनिम्बस) में विकसित हो सकते हैं।

III. स्तरी (स्ट्रेटस) एक पतली धूसर परत है और यह बूँदाबूँदी से संबंधित नहीं है।

IV. वर्षास्तरी मेघ (निम्बोस्ट्रेटस) बादल निरंतर हल्की से मध्यम वर्षा लाते हैं।

V. पक्षाभ स्तरी (सिरोस्ट्रेटस) सूर्य या चंद्रमा के चारों ओर हेलो प्रभाव उत्पन्न करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन *ग़लत* हैं ?

(A) केवल III और IV
(B) केवल II और V
(C) केवल I और III
(D) उपर्युक्त सभी

Consider the following statements about clouds :

I. Cirrus clouds are middle-level clouds composed of ice crystals.

II. Cumulus clouds indicate bright brisk weather, but may develop into cumulonimbus.

III. Stratus is a thin grey layer and not associated with drizzle.

IV. Nimbostratus clouds bring continuous light to moderate rainfall.

V. Cirrostratus produces a halo effect around the Sun or Moon.

Which of the above statements are ***incorrect*** ?

(A) III and IV only
(B) II and V only
(C) I and III only
(D) All of the above

**95.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया सूर्य की चमक (ज्योति) बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है ?

(A) विखण्डन की रासायनिक अभिक्रियाओं की श्रृंखला
(B) प्रोटॉन–प्रोटॉन नाभिकीय संलयन श्रृंखला
(C) केवल गुरुत्वीय संकुचन
(D) हीलियम परमाणुओं का रेडियोधर्मी क्षय

Which of the following processes is responsible for sustaining the luminosity of the Sun ?

(A) Chain of chemical fission reactions
(B) Proton–proton nuclear fusion chain
(C) Gravitational contraction alone
(D) Radioactive decay of helium atoms

**96.** भारत में, 'काउचुक' शब्द निम्नलिखित में से किस फसल को संदर्भित करता है ?

(A) कोको
(B) गन्ना
(C) प्राकृतिक रबड़
(D) कॉफी

In India, the word '*Caoutchouc*' refers to which of the following crops ?

(A) Cocoa
(B) Sugarcane
(C) Natural rubber
(D) Coffee

205114922

97. पीटर हैगेट का *मानव भूगोल में स्थानिक विश्लेषण* (1965) भूगोल की किस विचारधारा से संबंधित है ?

(A) मात्रात्मक क्रांति

(B) कल्याणकारी भूगोल

(C) मानवतावादी भूगोल

(D) कट्टरपंथी (रेडिकल) भूगोल

Peter Haggett's *Locational Analysis in Human Geography* (1965) is associated with which school of thought in geography ?

(A) Quantitative Revolution

(B) Welfare Geography

(C) Humanistic Geography

(D) Radical Geography

20511492

98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. अज़ोरेस हाई दक्षिणी उपोष्णकटिबंधीय उच्च-दाब पट्टी है।

II. अज़ोरेस हाई हेडली सेल का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(A) केवल I

(B) न तो I, न ही II

(C) केवल II

(D) I और II दोनों

Consider the following statements :

I. The Azores High is a southern subtropical high-pressure belt.

II. The Azores High is a part of the Hadley cell.

Which of the above statements is/are correct ?

(A) I only

(B) Neither I nor II

(C) II only

(D) Both I and II

99. जनगणना सांख्यिकी में आयु आँकड़ों में त्रुटियों को निम्नलिखित में से किस सूचकांक का उपयोग करके मापा जाता है ?

I. व्हिपल का सूचकांक

II. मायर्स का मिश्रित सूचकांक

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

(A) I और II दोनों

(B) केवल I

(C) केवल II

(D) न तो I, न ही II

Errors in age data in Census statistics are measured using which of the following indices ?

I. Whipple's Index

II. Myers' Blended Index

Select the correct answer using the options given below :

(A) Both I and II

(B) I only

(C) II only

(D) Neither I nor II

100. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (बायोम) | | सूची II (उदाहरण) | |
|---|---|---|---|
| a. | मरुस्थल | i. | पम्पास |
| b. | घास का मैदान | ii. | सुंदरबन |
| c. | भूमध्यसागरीय | iii. | चैपराल |
| d. | मैंग्रोव | iv. | कालाहारी |

कूट :

(A) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(D) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (Biome) | | List II (Example) | |
|---|---|---|---|
| a. | Desert | i. | Pampas |
| b. | Grassland | ii. | Sundarbans |
| c. | Mediterranean | iii. | Chaparral |
| d. | Mangrove | iv. | Kalahari |

**Codes :**

(A) a-iv, b-ii, c-i, d-iii

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(D) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

101. एक भूगोलवेत्ता ने क्षेत्रीय भूगोल में तुलनात्मक पद्धति पर जोर दिया, उसका मानना था कि पृथ्वी मानव जीवन के समर्थन के लिए रची गई थी (टेलियोलॉजिकल व्याख्या), और भौगोलिक परिघटनाओं में "विविधता में एकता" के विचार को उजागर किया।
निम्नलिखित में से कौन-सा भूगोलवेत्ता इस दृष्टिकोण से संबंधित है ?

(A) कार्ल रिटर

(B) हाल्फोर्ड मैकिंडर

(C) अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट

(D) अल्फ्रेड हेटनर

A geographer emphasized the comparative method in regional geography, believed that the Earth was designed to support human life (teleological interpretation), and highlighted the idea of "unity in diversity" in geographical phenomena.
Which of the following geographers is associated with this approach ?

(A) Carl Ritter

(B) Halford Mackinder

(C) Alexander von Humboldt

(D) Alfred Hettner

102. "सुंडा शेल्फ" को किस प्रकार वर्णित किया गया है ?

(A) एक गहरी महासागरीय खाई जो प्लेट सीमा को चिह्नित करती है

(B) सुमात्रा और जावा के बीच एक सक्रिय ज्वालामुखीय चाप

(C) एक भूवैज्ञानिक रूप से स्थिर और उथला प्लेटफॉर्म

(D) फिलीपीन द्वीपसमूह में सबसे ऊँचा शिखर क्षेत्र

The "Sunda Shelf" is characterized as :

(A) A deep oceanic trench marking a plate boundary

(B) An active volcanic arc between Sumatra and Java

(C) A geologically stable and shallow platform

(D) The highest peak region in the Philippine archipelago

103. एर्लिच द्वारा विकसित IPAT समीकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. प्रौद्योगिकी हमेशा पर्यावरणीय क्षति को कम करती है।

II. यह पर्यावरणीय प्रभाव को जनसंख्या, समृद्धि और प्रौद्योगिकी के गुणनफल के रूप में व्याख्या करता है।

III. समृद्धि प्रति व्यक्ति आय को दर्शाती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) केवल I और II

(B) I, II और III

(C) केवल II और III

(D) केवल I और III

Consider the following statements regarding the IPAT equation developed by Ehrlich :

I. Technology always reduces environmental damage.

II. It explains environmental impact as a product of population, affluence and technology.

III. Affluence represents per person income.

Which of the above statements are correct ?

(A) I and II only

(B) I, II and III

(C) II and III only

(D) I and III only

104. कृषि की उत्पत्ति और प्रसार के संबंध में सिद्धांत का प्रतिपादन किया था :

(A) वी. गॉर्डन चाइल्ड

(B) फ्रेडरिक रैट्ज़ेल

(C) कार्ल ओ. सॉयर

(D) एल्सवर्थ हंटिंगटन

The theory regarding the origin and dispersal of agriculture was proposed by :

(A) V. Gordon Childe

(B) Friedrich Ratzel

(C) Carl O. Sauer

(D) Ellsworth Huntington

20514922

105. प्राकृतिक चिमनियाँ, ब्लोहोल्स और ग्लूप्स शब्द इनका वर्णन करने के लिए प्रयुक्त होते हैं :

(A) चूना-पत्थर के वियोजन से बनी कार्स्ट भू-आकृतियाँ

(B) महासागर के तल पर स्थित समुद्रतल ज्वालामुखीय वेंट्स

(C) चट्टानी भृगुओं पर लहरों की क्रिया से बने तटीय अपरदनात्मक लक्षण

(D) लॉन्गशोर ड्रिफ्ट (तटीय बहाव) द्वारा उत्पन्न तटीय निक्षेपीय भू-आकृतियाँ

The terms natural chimneys, blowholes and gloups are used for describing :

(A) Karst landforms formed by dissolution of limestone

(B) Submarine volcanic vents on the ocean floor

(C) Coastal erosional features formed by wave action on rocky cliffs

(D) Coastal depositional landforms produced by longshore drift

106. संदूर रेंज निम्नलिखित में से किस एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए कच्चे माल का स्रोत है ?

(A) भिलाई स्टील प्लांट

(B) विशाखापत्तनम स्टील प्लांट

(C) राउरकेला स्टील प्लांट

(D) जेएसडब्ल्यू विजयनगर स्टील प्लांट

The Sandur Range is a source of raw material for which of the following integrated steel plants ?

(A) Bhilai Steel Plant

(B) Visakhapatnam Steel Plant

(C) Rourkela Steel Plant

(D) JSW Vijayanagar Steel Plant

107. चीन में चाय की खेती केंद्रित है :

(A) यांग्त्ज़ी घाटी और सेचवान बेसिन में

(B) तिब्बती पठार और गोबी रेगिस्तान में

(C) कैंटन के तटीय निम्न भूमि में

(D) पीली नदी का मैदान और मंचूरिया में

Tea cultivation in China is concentrated in :

(A) The Yangtze Valley and Szechwan Basin

(B) The Tibetan Plateau and Gobi Desert

(C) The Coastal lowlands of Canton

(D) The Yellow River Plain and Manchuria

205114922

108. निम्नलिखित में से कौन-सा घनत्व माप कृषि क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा दबाव का विश्लेषण करने के लिए उपयोग किया जाता है ?

(A) अंकगणितीय घनत्व

(B) कायिक घनत्व

(C) कृषि घनत्व

(D) शहरी घनत्व

Which one of the following density measures is used for analysing food security pressure in agricultural regions ?

(A) Arithmetic density

(B) Physiological density

(C) Agricultural density

(D) Urban density

109. कौन-सी आयनमंडलीय (आयनोस्फेरिक) परत उच्च-आवृत्ति वाली रेडियो तरंगों को परावर्तित करती है ?

(A) F परत

(B) एक्सोस्फीयर (बाह्यमंडल)

(C) E परत

(D) D परत

Which ionospheric layer reflects high-frequency radio waves ?

(A) F layer

(B) Exosphere

(C) E layer

(D) D layer

110. निम्नलिखित में से कौन-से राज्य पूर्वी भारत में हरित क्रांति लाना (BGREI) के अंतर्गत आते हैं ?

I. असम

II. ओडिशा

III. पंजाब

IV. झारखंड

V. पूर्वी उत्तर प्रदेश

VI. हरियाणा

**विकल्प :**

(A) केवल I, II, III और IV

(B) केवल I, II, IV और V

(C) केवल I, III, V और VI

(D) केवल II, III, IV और V

Which of the following states are covered under Bringing Green Revolution to Eastern India (BGREI) ?

I. Assam

II. Odisha

III. Punjab

IV. Jharkhand

V. Eastern Uttar Pradesh

VI. Haryana

**Options :**

(A) I, II, III and IV only

(B) I, II, IV and V only

(C) I, III, V and VI only

(D) II, III, IV and V only

111. निम्नलिखित में से किस प्रकार की चट्टानों में पेट्रोलियम ***नहीं*** पाया जाता है ?

(A) अवसादी चट्टानें

(B) चूना-पत्थर

(C) कायांतरित चट्टानें

(D) बलुआ-पत्थर

Petroleum is ***not*** found in which of the following types of rocks ?

(A) Sedimentary rocks

(B) Limestones

(C) Metamorphic rocks

(D) Sandstones

112. ईकोलॉजिकल नीश (पारिस्थितिक निकेत) की अवधारणा सर्वप्रथम निम्नलिखित द्वारा प्रस्तावित की गई थी :

(A) यूजीन पी. ओडम

(B) जोसेफ ग्रिनेल

(C) अर्न्स्ट हेकेल

(D) आर्थर टैन्सले

The concept of ecological niche was first proposed by :

(A) Eugene P. Odum

(B) Joseph Grinnell

(C) Ernst Haeckel

(D) Arthur Tansley

205114922

**113.** कोपेन के जलवायु प्रकारों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

I. Aw – उष्णकटिबंधीय आर्द्र और शुष्क – शुष्क शीत ऋतु

II. Cs – भूमध्यसागरीय – शुष्क ऋतु नहीं, गर्म ग्रीष्मकाल

III. BWk – मध्य-अक्षांशीय शीत मरुस्थल – मध्य-अक्षांशीय निर्जल या शुष्क

IV. ET – टुंड्रा – बारहमासी बर्फ

नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल II और IV

(B) केवल I और II

(C) केवल I और III

(D) I, III और IV

Which of the following pairs are correctly matched regarding Koeppen's climatic types ?

I. Aw – Tropical wet and dry – Winter dry season

II. Cs – Mediterranean – No dry season, warm summer

III. BWk – Mid-latitude cold desert – Mid-latitude arid or dry

IV. ET – Tundra – Perennial ice

Select the correct answer using the options given below :

(A) II and IV only

(B) I and II only

(C) I and III only

(D) I, III and IV

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा कोयला क्षेत्र कम फॉस्फोरस सामग्री वाला उच्च-श्रेणी का धातुकर्म बिटुमिनस कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता है ?

(A) रामगढ़ कोयला क्षेत्र

(B) गिरिडीह कोयला क्षेत्र

(C) हुतार कोयला क्षेत्र

(D) डाल्टनगंज कोयला क्षेत्र

Which of the following coalfields is known for producing high-grade metallurgical bituminous coal with low phosphorus content ?

(A) Ramgarh Coalfield

(B) Giridih Coalfield

(C) Hutar Coalfield

(D) Daltonganj Coalfield

**115.** किस भूगोलवेत्ता ने अपनी पुस्तक *'डाई ज्योग्राफी'* (1927) में क्षेत्रीय भूगोल के लिए पद्धतिगत आधार प्रदान किया ?

(A) सॉयर

(B) हार्टशॉर्न

(C) रिकथोफेन

(D) हेटनर

Which geographer provided the methodological basis for regional geography in his book *'Die Geographie'* (1927) ?

(A) Sauer

(B) Hartshorne

(C) Richthofen

(D) Hettner

116. निम्नलिखित चट्टानों पर विचार कीजिए :

I. बलुआ-पत्थर

II. शेल

III. गोलाश्म (कांग्लोमरेट)

उपर्युक्त में से कौन-सी प्रतिरोधी चट्टानें हैं जो कगारों (रिज) या ऊँची भूमि (अपलैंड) का निर्माण कर सकती हैं ?

(A) केवल II और III

(B) I, II और III

(C) केवल I

(D) केवल I और III

Consider the following rocks :

I. Sandstone

II. Shale

III. Conglomerate

Which of the above are resistant rocks capable of forming ridges or uplands ?

(A) II and III only

(B) I, II and III

(C) I only

(D) I and III only

205114922

117. पुस्तक द *कंडीशन ऑफ पोस्टमॉडर्निटी* के लेखक हैं :

(A) इमैनुएल वॉलरस्टीन

(B) मैनुएल कैस्टेल्स

(C) डेविड हार्वे

(D) एडवर्ड सोजा

The book *The Condition of Postmodernity* is written by :

(A) Immanuel Wallerstein

(B) Manuel Castells

(C) David Harvey

(D) Edward Soja

118. एक पौधे की प्रजाति जो शुष्क मौसम में अपनी पत्तियाँ गिरा देती है लेकिन गीले मौसम में फिर से उग आती है, उसे वर्गीकृत किया जाता है :

(A) ट्रॉपोफाइट

(B) हैलोफाइट

(C) हाइड्रोफाइट

(D) ज़ीरोफाइट

A plant species that sheds its leaves during dry seasons but regrows during wet seasons is classified as :

(A) Tropophyte

(B) Halophyte

(C) Hydrophyte

(D) Xerophyte

119. मृत सागर (डेड सी) फॉल्ट किस प्रकार की प्लेट सीमा का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) क्षेपण (सबडक्शन) सीमा

(B) रूपांतरित (ट्रांसफॉर्म) सीमा

(C) अभिसारी सीमा

(D) अपसारी सीमा

The Dead Sea Fault represents which type of plate boundary ?

(A) Subduction boundary

(B) Transform boundary

(C) Convergent boundary

(D) Divergent boundary

120. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (हिमनद आकृति) | | सूची II (विवरण) |
|---|---|---|---|
| a. | एरेट | i. | आस-पास के सर्कों के मिलने से निर्मित नुकीली रिज |
| b. | हॉर्न | ii. | कई सर्कों के मिलने से बनी पिरामिडनुमा चोटी |
| c. | लटकती घाटी | iii. | मुख्य गर्त के ऊपर छूटी छोटी सहायक घाटी |
| d. | हिमनद गर्त | iv. | हिमनद द्वारा निर्मित U-आकार की घाटी |

कूट :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| | **List I (Glacial Feature)** | | **List II (Description)** |
|---|---|---|---|
| a. | Arête | i. | Sharp ridge formed by adjoining cirques |
| b. | Horn | ii. | Pyramidal peak from multiple cirques |
| c. | Hanging valley | iii. | Small tributary valley left above main trough |
| d. | Glacial trough | iv. | U-shaped valley carved by a glacier |

**Codes :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv
(D) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

121. वायुमंडल में संतृप्त वाष्प दाब इस पर निर्भर करती है :

(A) तापमान
(B) वायु वेग
(C) बादलों का आवरण
(D) वायु दाब

Saturation vapour pressure in the atmosphere depends on :

(A) Temperature
(B) Wind velocity
(C) Cloud cover
(D) Air pressure

122. निम्नलिखित में से कौन-सा वनस्पति प्रकार Dfc जलवायु से संबंधित है ?

(A) टुण्ड्रा वनस्पति
(B) उपध्रुवीय वर्षावन
(C) बोरियल शंकुधारी वन
(D) भूमध्यसागरीय झाड़ी

Which of the following vegetation types is associated with the Dfc climate ?

(A) Tundra vegetation
(B) Sub-polar rainforest
(C) Boreal coniferous forest
(D) Mediterranean scrub

123. जैव-विविधता हानि और संरक्षण पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. जैव-विविधता की हानि पर्यावरणीय विक्षोभों के प्रति प्रतिरोध को कम करती है।

II. युग्मकों का क्रायोप्रिजर्वेशन (निम्न ताप परिरक्षण) उन्नत स्वस्थाने (इन सिटू) संरक्षण का एक उदाहरण है।

III. पवित्र उपवन पारिस्थितिक तंत्रों को उनकी प्राकृतिक अवस्था में संरक्षित करके जैव-विविधता की रक्षा करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

2051114922

(A) केवल II और III

(B) I, II और III

(C) केवल I और II

(D) केवल I और III

Consider the following statements on biodiversity loss and conservation :

I. Loss of biodiversity decreases resistance to environmental perturbations.

II. Cryopreservation of gametes is an example of advanced in situ conservation.

III. Sacred groves protect biodiversity by preserving ecosystems in their natural state.

Which of the above statements are correct ?

(A) II and III only

(B) I, II and III

(C) I and II only

(D) I and III only

124. निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधियाँ एक एकीकृत कृषि प्रणाली (IFS) में शामिल हैं ?

2051114922

I. बागवानी

II. डेयरी फार्मिंग

III. मत्स्य पालन

IV. पशुपालन

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और IV

(B) केवल II और III

(C) I, II, III और IV

(D) केवल I और II

Which of the following activities are included in an Integrated Farming System (IFS) ?

I. Horticulture

II. Dairy farming

III. Fisheries

IV. Livestock rearing

2051114922

**Options :**

(A) I, II and IV only

(B) II and III only

(C) I, II, III and IV

(D) I and II only

125. सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 7 का उद्देश्य क्या सुनिश्चित करना है ?

(A) सतत ऊर्जा तक पहुँच

(B) सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल

(C) शिक्षा में लैंगिक समानता

(D) किफायती आवास तक पहुँच

What does Sustainable Development Goal (SDG) 7 aim to ensure ?

(A) Access to sustainable energy

(B) Universal health care

(C) Gender equality in education

(D) Access to affordable housing